हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26.3.21	उभय पक्ष उपस्थित पीठासीन अधिकारी राजकीय कार्य से बाहर है। अवकाश पर है / पदरिक्त है। अतः पत्रावली दिनांक 8.6.21 को पेश हो। रीडर उपखण्ड अधिकारी माण्डल	
8.6.21	उभय पक्ष उपस्थित पीठासीन अधिकारी राजकीय कार्य से बाहर है। अवकाश पर है / पदरिक्त है। अतः पत्रावली दिनांक 20.7.21 को पेश हो। रीडर उपखण्ड अधिकारी माण्डल	
20.7.21	पत्रावली पेश हुई, वकील प्रार्थी एंव पैरोकार सरकार उपस्थित, पैरोकार सरकार द्वारा जवाब पेश किया, तहसीलदार माण्डल द्वारा मौका रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसे शा. पत्र किया गया। उभयपक्षो ने बहस करनी चाही। उभयपक्षो की बहस सुनी गयी। वास्ते पत्रावली आदेश हेतु नियत दिनांक 29.7.21 को पेश हो।	
29.7.21	उभय पक्ष उपस्थित पीठासीन अधिकारी राजकीय कार्य से बाहर है। अवकाश पर है / पदरिक्त है। अतः पत्रावली दिनांक 5.8.21 को पेश हो। रीडर उपखण्ड अधिकारी माण्डल	
5.8.21	पत्रावली पेश हुई, उभयपक्ष उपस्थित, समय अभाव के कारण निर्णय नही लिखा जा सका। वास्ते पत्रावली आदेश हेतु नियत दिनांक 10.8.21 को पेश हो।	
10.8.21	पत्रावली पेश हुई, [illegible] उपस्थित, वकील प्रार्थी ने [illegible] प्रार्थना पत्र मे अंकित तथ्यो [illegible] के आधार प्रार्थना पत्र को स्वीकार किये जाने की [illegible] की। मैने पत्रावली का अवलोकन किया तथा उभयपक्षो	

Signature Not Verified
Digitally signed by Pooja Saxena
Date: 2022.01.06 13:09:18 IST
Reason: SelfAttested

हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

की बहस पर मनन किया, तहसीलदार माण्डल की मौका रिर्पाट व पैरोकार सरकार के जवाब का अध्ययन किया। विवादित आराजियात ग्राम लेसवा पटवार हल्का लेसवा तहसील माण्डल मे स्थित होकर प्रार्थी का नाम आरिफ मोहम्मद पुत्र मोहम्मद हनीफ के नाम संयुक्त सहखातेदार हक से दर्ज रेकार्ड है जिसकी ताईद प्रस्तुत जमाबंदीया संवत 2072-2075 से होती है, प्रस्तुत दस्तावेजो एंव प्रार्थना पत्र मे अंकित तथ्यो के अनुसार प्रार्थी का नाम आरिफ मोहम्मद पुत्र मोहम्मद हनीफ के बजाय मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद हनीफ छीपा नाम अंकित करवाना चाहता है जिसकी ताईद प्रस्तुत आधार कार्ड की फोटो प्रति, मतदाता पहचान पत्र की फोटो प्रति, ड्राईवर लाईसेन्स की फोटो प्रति, पेन कार्ड की फोटो प्रति, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की अंकतालिका की फोटो प्रति, जाति प्रमाण पत्र व मूल निवास के प्रमाण पत्र की फोटो प्रति, अन्य पिछड़ा जाति का प्रमाण पत्र की फोटो प्रति, व अन्य खाते की जमाबंदीया संवत 2076-2079 एंव सहखातेदारो की सहमति आदि से होती है, उसी के अनुसार प्रार्थी का नाम अंकित कराना चाहता है, ताकि बोलचाल व राजस्व रेकार्ड मे भिन्नता नही हो।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी अपने प्रार्थना पत्र को सिद्ध कराने मे सफल रहने के कारण प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित समझता हूँ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pooja Saxena
Date: 2022.01.06 13:09:18 IST
Reason: SelfAttested

:: आदेश ::

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम लेसवा पटवार हल्का लेसवा तहसील माण्डल

उपखण्ड अधिकारी
मांडल जिला भीलवाड़ा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
	जिला-भीलवाड़ा मे स्थित आराजी नं. 1334/1 मे रकबा 02 बिस्वा, आराजी नं. 1353 मे रकबा 02 बिस्वा, आराजी नं. 1355 रकबा 01 बिस्वा, आराजी नं. 2918/1701 रकबा 10 बिस्वा आराजी नं. 1433 रकबा 01 बीघा 14 बिस्वा, आराजी नं. 1434 रकबा 12 बिस्वा, आराजी नं. 1512 रकबा 01 बीघा, आराजी नं. 1513 रकबा 10 बिस्वा, आराजी नं. 1514 रकबा 01 बीघा 01 बिस्वा, आराजी नं. 1515 रकबा 01 बीघा, आराजी नं. 1334/4 रकबा 17 बिस्वा, आराजी नं. 1335 रकबा 02 बीघा, आराजी नं. 1356 रकबा 10 बिस्वा उक्त भूमि के राजस्व रेकार्ड मे प्रार्थी का नाम आरिफ मोहम्मद पुत्र मोहम्मद हनीफ के बजाय मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद हनीफ छीपा अंकित किये जाने का आदेश दिया जाता है, उसी अनुसार भूमि मे प्रार्थी का नाम राजस्व रेकार्ड मे दर्ज किया जावे। तहसीलदार माण्डल राजस्व रेकार्ड मे अमल दरामद करे। पालना हेतु निर्णय की प्रति तहसीलदार माण्डल को भिजवाते हुए लिखा जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दफ्तर दाखिल हो।

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

Signature Not Verified
Digitally signed by Pooja Saxena
Date: 2022.01.06 13:09:18 IST
Reason: SelfAttested